दिनांक: 15.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य सरकार ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण की सीमा 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने को दी मंजूरी।

- मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रशासनिक अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के तुरंत समाधान के दिये निर्देश।

- प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हल्की बारिश–कोटा, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में आज कहीं–कहीं बरसात की संभावना।

- आईसीसी टी–20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज भारत अपने आख़िरी ग्रुप स्टेज मैच में कनाडा से खेलेगा।

....................

राज्य सरकार ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण की सीमा 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का फैसला किया है। इसके लिए राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सरकार के इस निर्णय से राज्य में महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर होकर और सशक्त बन सकेंगी।

....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि योग ऋषि–मुनियों द्वारा विश्व को प्रदान किया गया अमूल्य उपहार है, जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री कार्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य का हर नागरिक योग को अपनाकर स्वस्थ राजस्थान के निर्माण में योगदान दे। श्री शर्मा ने कहा कि सभी विभाग अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का व्यापक प्रचार–प्रसार कर आमजन को जागरुक करें। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर जिला स्तर तक योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा इन्हें सफल बनाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं और निजी शिक्षण संस्थानों का भी सहयोग लिया जाए।

उधर, उपमुख्यमंत्री तथा आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने कहा है कि आज पूरा विश्व भारत की प्राचीन योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति की तरफ बढ़ रहा है। उपमुख्यमंत्री आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने उपस्थित योग संस्थाओं और शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों से कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सुझाव भी आमंत्रित किये।

गौरतलब है कि 21 जून को पूरे विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में सुबह छह बजे से होगा।

....................

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा है कि प्रशासनिक अधिकारी आमजन से लगातार संवाद कर उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करने के प्रयास करें। श्री पंत कल जयपुर में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभागाध्यक्षों को कार्य क्षमता में बढोतरी के लिए समय–समय पर कार्यालयों का औचक निरिक्षण करने को कहा। उन्होंने सभी जिला प्रभारी सचिवों को पानी, बिजली और स्वास्थ्य सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की नियमित रूप से समीक्षा करने के निर्देश दिये।

....................

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नई सरकार के गठन के पहले सौ दिन में स्वास्थ्य के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कल नई दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। स्वास्थ्य मंत्रालय के

क्रियाकलापों की समीक्षा करते हुए श्री नड्डा ने लोगों को गुणात्मक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा के विस्तार पर भी ज़ोर दिया। श्री नड्डा ने टीकाकरण और स्वास्थ्य, आपात से संबद्ध प्रबंधन जैसे कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर बल दिया। उन्होंने गैर–संचारी रोगों की बढ़ती घटनाओं और स्वस्थ आहार तथा जीवन शैली के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए जागरूकता की आवश्यकता जताई।
स्वास्थ्य मंत्री ने तंबाकू नियंत्रण के लिए युवाओं के प्रति लक्षित अभियान की आवश्यकता बताते हुए गैर–संचारी रोगों और तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरुकता फैलाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

....................

मॉनसून के आगमन से पहले प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हल्की बारिश हुई। कल पिलानी, सीकर, कोटा, अलवर और भरतपुर सहित करीब अन्य स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। इस दौरान कुछ स्थानों पर आंधी भी चली। आंधी–बारिश के बाद प्रदेश के अधिकांश शहरों के पारे में गिरावट दर्ज की गई। ज्यादातर जगहों पर पारा 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। सबसे ज्यादा 45 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड हुआ। वहीं सर्वाधिक न्यूनतम तापमान अलवर में 35 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार आज कोटा, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश की संभावना है।

....................

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने कहा है कि उच्च शिक्षा संस्थानों को सभी निरस्त दाखिलों या माइग्रेशन के मामले में 30 सितम्बर तक पूरी फीस लौटानी होगी। आयोग की यह नीति चालू शिक्षा सत्र के लिए है। आयोग ने दाख़िला रद्द करने या नाम वापस लेने पर फीस लौटाने के संबंध में विद्यार्थियों और अभिभावकों की शिकायतों को देखते हुए यह कदम उठाया है। यह नीति केंद्रीय या राज्य अधिनियमों के तहत सभी उच्च शिक्षा संस्थानों, आयोग से मान्यता–प्राप्त संस्थानों, डीम्ड यूनिवर्सिटी और दाखिला परामर्श में शामिल संगठनों पर लागू होगी। आयोग ने यह भी कहा कि इस वर्ष 30 सितम्बर से 31 अक्टूबर के बीच रिफंड जारी किया जाएगा और प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में अधिकतम एक हजार रुपये की कटौती की जा सकेगी। आयोग ने कहा है कि इस नीति का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

....................

फुटवियर डिजाइन एण्ड डेवेलपमेंट इंस्टीट्यूट–एफ.डी.डी.आई. जोधपुर ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का नवाचार किया है। एफ.डी.डी.ई. ने जोधपुर के एक स्टार्टअप को अपनी फुटवियर डिजाइन और टेक्नोलोजी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया, जिसकी वजह से स्टार्टअप कम्पनी ने अपने फुटवियर का अधिकांश भाग वेस्ट प्लास्टिक को रिसाइकिल करके पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया है। एक रिपोर्ट –

....................

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको विभिन्न आपराधिक मामलों की समय सीमा के बारे में बताने जा रहे हैं।
भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में इलेक्ट्रोनिक माध्यम से की गयी शिकायतों के लिए एफआईआर को तीन दिन के भीतर दर्ज किया जाएगा, जो आपराधिक मामलों की जांच को गति देने वाला है।
इसी तरह जांच अधिकारी को दुष्कर्म पीड़िता के लिए चिकित्सा जांच रिपोर्ट सात दिनों के अंदर देनी होगी। पीड़ित या फरियादी को आपराधिक मामले की जांच की स्थिति के बारे में 90 दिनों के भीतर अपडेट देना सुनिश्चित किया गया है। आपराधिक मामलों में न्यायालय द्वारा पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय किये जाएंगे। आरोप तय होने के 90 दिनों के अंदर मामले का विचारण सुनिश्चित किया गया है। विचारण के 45 दिनों के भीतर मामले में निर्णय का प्रावधान किया गया है। इसी तरह फैसले के सात दिन के भीतर ऑनलाइन पोर्टल पर निर्णय की कॉपी अपलोड करना सुनिश्चित किया गया है। आपराधिक मामलों में समय सीमा के प्रावधान से त्वरित न्याय, कुशलता और पारदर्शिता के साथ संभव हो सकेगा।

....................

सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में सफारी करना मंहगा हो गया है। वन विभाग की ओर से उद्यान के प्रवेश शुल्क में दस प्रतिशत की बढ़ोतरी की गयी है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

....................

आईसीसी टी–20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज भारत अपने आख़िरी ग्रुप स्टेज मैच में कनाडा से खेलेगा। यह मैच फ्लोरिडा में, भारतीय समय के अनुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा। इससे पहले, कल आयरलैंड के साथ मुकाबला रद्द हो जाने के बाद, अमरीका ने सुपर आठ में जगह बना ली है। यह पहला मौक़ा है जब अमरीका सुपर 8 में पहुंचा है।

....................